एक नजर में

## औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ की वॉकथान 15 को

इंदौर. अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ द्वारा समाज के सदस्यों के लिए औदुम्बर ब्राह्मण महासभा भवन धर्मशाला जूनी इंदौर से गांधी चौक गांधी नगर इंदौर तक 11 किलोमीटर की लॉन्ग वॉक 'वॉक थान' 15 मार्च को प्रात: 6.30 बजे से रखी गई है. यह जानकारी महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं वॉक थान प्रवर्तक प्रमोद दुबे ने दी. उन्होंने बताया कि वॉक थान में सम्मिलित होने के लिए उमेश द्विवेदी महासचिव महासंघ को 5 मार्च तक पंजीयन करवाना आवश्यक है। सभी प्रतिभागियों को महासंघ द्वारा टी शर्ट दी जाएगी. वॉक थान के संचालन हेतु गांधीनगर इंदौर में आयोजित बैठक में प्रदीप जोशी, अनिल शर्मा, अनिल जोशी, प्रमोद दुबे, प्रह्लाद दुबे, अनूप शर्मा, राघव दुबे, अथर्व दुबे, योगेश द्विवेदी उमेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे.

## ऋषिकेश में सम्मानित हुए मैहर के पं. मोहनलाल



इंदौर. शारदा की पवित्र धार्मिक नगरी मैहर के सुविख्यात ज्योतिष एवं वास्तु के मर्मज्ञ पं. मोहनलाल द्विवेदी को श्री जयराम आश्रम ऋषिकेश के सभागार में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे ज्योतिष के विशिष्ट विद्वानों के समक्ष प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. काशी ज्योतिष संस्थान वाराणसी द्वारा आचार्य डॉ अंजन जी के संयोजकत्व में तीन दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष महाकुंभ जयराम संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में हरिद्वार रोड देवभूमि ऋषिकेश में संपन्न हुआ. पंडित द्विवेदी को यह सम्मान उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान तथा ज्योतिष के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान हेतु किया गय. कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों से ज्योतिष क्षेत्र के लगभग 150 विशिष्ट विद्वानों ने भाग लिया.

## नि:शुल्क जांच शिविर में पहुंचे 550 समाज बंधु



इंदौर. अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से अग्रवाल समाज को मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर आयोजित दूसरे शिविर में भी 550 लोगों ने पहुंचकर अपनी जांचें करवाई. रविवार को इन सभी जांचों की रिपोर्ट भी मिलेगी और नए आने वाले बंधुओं की 32 तरह की जाँच भी होगी. अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के 20 चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्यों ने सभी बंधुओं का चिकित्सकीय परीक्षण एवं जांचों का सिलसिला शुरू किया जो दोपहर 3 बजे तक चलता रहा. शिविर संयोजक किशोर गोयल, शिविर प्रभारी गोविन्द सिंघल, संजय बांकड़ा, महेश मित्तल, प्रवीण मिश्रा, आशीष मित्तल के मार्गदर्शन में विभिन्न अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिविर की व्यवस्थाएं संभाली। अग्रसेन यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल बालाजी की टीम पूरे समय डटी रही. शिविर संयोजक अरविन्द वेल्यूअर, शीतल तोडीवाला, शरद कदम ने बताया कि रविवार को शिविर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक अग्रसेन भवन पर ही जारी रहेगा.

## इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो का शुभारंभ



इंदौर. इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो 2026 का शुभारंभ लाभगंगा परिसर में हुआ. 2 मार्च तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में उद्योग, नवाचार और तकनीकी का संगम देखने को मिल रहा है. इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला और भाजपा इंदौर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे. दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे उद्योगिक मंच इंदौर को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिला रहे हैं. आयोजक संस्था फ्यूचर कम्यूनिकेशन इवेंट्स एंड एक्जीबिशन के डायरेक्टर लक्ष्मण दूबे ने बताया कि यह एक्सपो पिछले 13 वर्षों से उद्योगों को जोड़ने का प्रभावी माध्यम बना हुआ है. इस बार का संस्करण अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावशाली है. 250 से अधिक स्टॉल्स, लाइव डेमो बना आकर्षण एक्सपो में करीब 250 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं, जहां देश की अग्रणी मशीन निर्माता कंपनियां अपनी अत्याधुनिक मशीनरी और नवीनतम तकनीकी समाधान प्रदर्शित कर रही हैं. आगंतुकों को यहां नई तकनीकों को प्रत्यक्ष देखने और समझने का अवसर मिल रहा है. मुंबई और दिल्ली जैसे औद्योगिक महानगरों सहित अन्य प्रदेश के उद्योगपतियों ने इसमें भागीदारी की है.

## 'द वेल्थ कंपनी स्मॉल कैप फंड' लांच

इंदौर. 'द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने स्मॉल कैप सेगमेंट में कदम रखते हुए 'द वेल्थ कंपनी स्मॉल कैप फंड' लॉन्च किया है। पिछले आठ महीनों में यह कंपनी का नौवां फंड लॉन्च है, जो सक्रिय रूप से प्रबंधित रणनीतियों में उसके तेज़ विस्तार को दर्शाता है. जुलाई 2025 से अब तक इक्विटी, हाइब्रिड और पैसिव रणनीतियों में विविध उत्पादों का पोर्टफोलियो तैयार किया है. कंपनी की संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री मधु लुनावत ने कहा हमारा स्मॉल कैप फंड ऐसे सेगमेंट में संतुलित और सोच-समझकर किया गया विस्तार है, जो भले ही अधिक उतार-चढ़ाव वाला हो, लेकिन दीर्घकाल में महत्वपूर्ण संपत्ति सृजन की क्षमता रखता है. पिछले आठ महीनों में हमने मजबूत प्रक्रियाओं और जोखिम प्रबंधन ढांचे के साथ सक्रिय रणनीतियों का निर्माण किया है. स्मॉल कैप में प्रवेश उसी रणनीति का स्वाभाविक विस्तार है। पिछले पाँच वर्षों में 83 प्रतिशत स्मॉल कैप फंड्स ने अपने बेंचमार्क को पीछे छोड़ा है। नकारात्मक खबरों में उलझने के बजाय, निवेशकों को दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण पर ध्यान देना चाहिए.

## रोजे के दौरान एक्टिव कैसे रहें

इंदौर. पवित्र महीना रमज़ान इबादत, सोच-विचार और मिल-जुलकर रहने का समय होता है. 30 दिनों तक सुबह से शाम तक रोज़ा रखना शरीर के लिए थकाने वाला हो सकता है, खासकर माताओं, कॉलेज के विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए जो रोज़ की ज़िम्मेदारियाँ भी निभाते हैं. पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका है सही तरीके से और सोच-समझकर तैयार की गई सहरी खाना. ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड, डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर ने बताया कि सहरी में ध्यान संतुलित और धीरे-धीरे ऊर्जा देने वाले भोजन पर होना चाहिए, जो दिन भर ताकत बनाए रखने में मदद करें और थकान से बचाएं. दूसरी ओर, दिन की शुरुआत तले हुए या बहुत मीठे भोजन से करने पर ऊर्जा जल्दी बढ़ती है और फिर अचानक गिर जाती है. सहरी में समझदारी से और पौष्टिक भोजन चुनने से रोज़ा रखना अधिक आसान और ऊर्जावान महसूस हो सकता है. कैलिफ़ोर्निया बादाम, अंडे, ओट्स और केले जैसे पोषक तत्वों से भरपूर भोजन को अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों के साथ चुनकर आप लगातार ऊर्जा बनाए रख सकते हैं, पूरे दिन एक्टिव रह सकते हैं और रमज़ान के दौरान अच्छी तरह से पोषित भी रह सकते हैं.

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक होली पर लाया उत्सव की खुशियां

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्रोसरी, शॉपिंग और ट्रैवल श्रेणियों में विशेष होली ऑफर्स की घोषणा की है. ये मौसमी ऑफर्स ग्राहकों को जरूरी और रोजमर्रा के खर्चों पर समझदारी से बचत करने और रंगों के इस त्योहार को मनाने में मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं. जैसे-जैसे परिवार उत्सव की तैयारियों, खरीदारी, उपहार देने और यात्रा की योजना बना रहे हैं, एयू एसएफबी के होली ऑफर्स आधुनिक भारत में व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले प्लेटफार्मों पर महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करते हैं. ग्रोसरी डिलीवरी से लेकर फैशन शॉपिंग और इंटर-सिटी यात्रा तक, ये क्यूरेटेड लाभ ग्राहकों को डिजिटल जीवनशैली की सुविधा का आनंद लेते हुए एयू डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अपनी बचत को अधिकतम करने का मौका देते हैं. एयू एसएफबी पर ग्रोसरी पर इंस्टामार्ट पर 111 रुपए तक की छूट व ब्लिंकिट, जेप्टो और जियोमार्ट पर एयू क्रेडिट कार्ड पर 5% की छूट मिलेगी. शॉपिंग में एजीओ पर एयू क्रेडिट कार्ड पर 10% की छूट मिलेगी. ट्रैवल पर रेडबस पर और अभिबस पर एयू क्रेडिट कार्ड पर 10% की छूट मिलेगी.

# सिर्फ पैसों में नहीं, बल्कि रिश्तों और सेहत में भी नियमित निवेश करते रहें

**▶ 33वें आईएमए इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव का समापन**

इंदौर. ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 33वें आई.एम.ए. इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2026 का शनिवार को समापन हुआ. इनोवेटिंग इंडिया: स्वदेशी, स्वाभाविक, स्वनिर्मित की थीम पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में अंतरिक्ष तकनीक के अगुआओं से लेकर वित्तीय विशेषज्ञों, स्वास्थ्य समर्थकों, एच.आर. विशेषज्ञों और जाने-माने उद्यमियों तक- देश के सबसे प्रतिष्ठित दिमाग एक मंच पर इकट्ठा हुए और अपने अनुभव साझा किए. एक के बाद एक वक्ता ने यही संकल्प दोहराया कि राष्ट्र का आगे का रास्ता पश्चिम की नकल में नहीं, बल्कि अपनी बुद्धिमत्ता पर भरोसा रखने, अपनी परंपराओं को नए सिरे से देखने और भीतर से निर्माण करने में है.

पहले सत्र में स्वाभाविक लिविंग: बैक टू द रूट्स विषय पर जीना सीखो लाइफकेयर के फाउंडर, एमडी एंड सीईओ आचार्य मनीष ने कहा कि स्वास्थ्य ही असली दौलत है. सच्ची समृद्धि की शुरुआत एक स्वस्थ तन और मन से होती है. उन्होंने सचेत और प्राकृतिक जीवनशैली के ज़रिए 3डी यानी बीमारी, डॉक्टर और दवाइयों से दूर रहने की सलाह दी. बीमारी से बचाव के लिए उन्होंने तन और मन दोनों की सफाई की सिफारिश की. दूसरे सत्र में पैसे की बात: बियॉन्ड बुल्स एंड बियर्स विषय पर एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज़ के चेयरमेन राशेश शाह ने निवेशकों और कारोबारियों को सलाह दी कि दिमाग और दिल दोनों को साथ लेकर चलें, कर्ज़ से बचें और बेवजह की उलझनों से दूर रहें. उन्होंने कहा कि भारत की कहानी पर भरोसा रखें और सिर्फ पैसों में नहीं, बल्कि रिश्तों और सेहत में भी नियमित निवेश करते रहें.

### सतत नवाचार स्थाई विकास का मंत्र



तीसरे सत्र में पंचकार्ड मोड टू एआई कोड विषय पर ज़ेंसार टेक्नोलॉजीज के फॉर्मर सीईओ डॉ. गणेश नटराजन ने कहा कि नेतृत्व की पहली और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका 'सेवक बनना है- जो आदेश देने के बजाय अपने व्यावसायिक सहयोगियों को सशक्त बनाता है. उन्होंने सतत और निरंतर नवाचार को स्थायी विकास का एकमात्र मंत्र बताते हुए कहा- इनोवेट, इनोवेट, इनोवेट.

### मिलकर काम करने का मॉडल जरूरी




चौथे सत्र में पावरिंग इंडिया: फ्रॉम अर्थ टू ऑर्बिट विषय पर मनस्तु स्पेस टेक्नोलॉजीज़ के को-फाउंडर एंड सीईओ तुषार जाधव ने नवाचार को ईंधन देने वाली सोच से श्रोताओं को प्रेरित किया और नतीजे का इंतज़ार न करें, बल्कि काम करने के सफर का मज़ा लें. कोई भी बड़ा मिशन अकेले पूरा नहीं होता- मिलकर काम करने का मॉडल ज़रूरी है. उन्होंने देश के नई पीढ़ी के निर्माताओं से आह्वान किया कि वे डीप टेक और एआई का भरपूर इस्तेमाल करें.

### घर और दिल दोनों की देखभाल करना चाहिए



पांचवे सत्र में फिट एट 50, शार्प एट 70: रीराइटिंग इंडियाज़ हेल्थ स्टोरी विषय पर हिमालय वेलनेस कंपनी की इनोवेशन एंड डिज़ाइन हेड पद्मा भट्ट ने कहा कि तंदुरुस्ती का भविष्य आयुर्वेद और तकनीक के मेल में है. सच्चा नवाचार धीरे-धीरे साख बनाता है और अच्छी सेहत को घर और दिल- दोनों की देखभाल करनी चाहिए, जहाँ परंपरा और आधुनिक सोच का सुंदर मेल हो.

### शरीर को मंदिर की तरह बचाकर रखें



एवरस्टोन ग्रुप एंड इंडियन हेल्थ एजुकेटर के एमडी डॉ. प्रशांत देसाई ने कहा कि शरीर को मंदिर की तरह बचाकर रखें. उन्होंने आज के ज़माने के चार बड़े खतरों- अंग विफलता, कैंसर, अल्ज़ाइमर और जीवनशैली से होने वाली बीमारियों- को असुर की संज्ञा दी. उनका साफ संदेश था- नींद, कसरत, खानपान और तनाव पर ध्यान देना ही सबसे बड़ी दवाई है, और यह सब नियमित रूप से करना ज़रूरी है.

### भविष्य इंसानी व्यवहार से बनता है




छटे सत्र में ह्यूमर, ह्यूमैनिटी, एचआर: द कॉर्पोरेट कॉमन मैन विषय पर रिलायंस जियो के ह्यूमन रिसोर्सेज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हरजीत खंडूजा ने कहा कि भविष्य सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि इंसानी व्यवहार से बनता है. उन्होंने कहा कि माँग बदलती रहती है जैसे-जैसे सोच बदलती है, और अनिश्चितता से निपटने के लिए हिम्मत, सकारात्मकता और लोगों को पहले रखने वाली नेतृत्व शैली ज़रूरी है.

### भारत की तकनीक दुनिया के लिए मिसाल बन रही



बेनक्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह ने कहा कि उनका फलसफा है भारत के लिए बना, दुनिया के लिए तैयार. उन्होंने कहा कि भारत का आईटी हुनर एक बड़ी ताकत है जो पहले से ही दुनिया की सेवा कर रही है और देश की आगे की तरक्की में भी अहम भूमिका निभाएगी. उन्होंने बताया कि भारत के लिए बनाई गई स्मार्ट तकनीक सिर्फ यहाँ की ज़रूरतें नहीं पूरी कर रही, बल्कि दुनिया के लिए भी एक मिसाल बन रही है.

### आइडिया से ज्यादा कार्यान्वयन जरूरी



सातवें सत्र में प्लग इन टू इंडियाज़ पल्स, ट्यून इन टू इंडियाज़ ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर अमन गुप्ता ने कहा कि भारतीय बाज़ार जीतने के लिए बड़े सपनों के साथ-साथ किफायती दाम भी ज़रूरी हैं. उन्होंने कहा कि हमारे यहां आइडिया की कमी है. सिर्फ नया आइडिया काफी नहीं, उसे कार्यान्विन करना महत्वपूर्ण है. काम में नुकसान बुरा नहीं है लेकिन वह लंबा नहीं चलना चाहिए. मुनाफा कमाना लंबी दौड़ के लिए ज़रूरी है, भले ही शुरुआत में धैर्य रखना पड़े. उन्होंने कहा कि जेन-ज़ी महत्वाकांक्षी और तेज़ी से बदलने वाला है- ब्रांड्स को उनकी सोच के साथ चलना होगा.

### मन पढ़ने की कला को दिखाया



माइंड इट: शी नोज़ ऑल विषय पर मेंटलिस्ट, परफॉर्मिंग आर्टिस्ट सुहानी शाह ने कॉन्क्लेव के आखिरी सत्र में अपनी मन-पढ़ने की कला से दर्शकों को दंग कर दिया. उनके लाइव प्रदर्शन और इंटरैक्टिव अनुभवों ने बताया कि देखने, अनुभव करने और इंसानी मनोविज्ञान को समझने की ताकत कितनी गहरी होती है.

# फ्लाइट कैंसल होने से दुबई में फंसे इंदौर के कई लोग

**▶ विमान सेवाओं में व्यवधान के कारण पूर्व विधायक, उद्योगपति और अन्य यात्रियों की वापसी अटकी**



नव भारत न्यूज

इंदौर. दुबई से चलने वाली उड़ानों के अचानक कैंसल होने के कारण इंदौर के कई प्रमुख नागरिक और व्यवसायी संयुक्त अरब अमीरात में फंस गए हैं. विमान सेवाओं में व्यवधान के चलते उनकी वापसी रद्द या स्थगित हो गई है, जिससे उन्हें एयरपोर्ट और होटल में रुकना पड़ रहा है.

विमान सेवाओं में व्यवधान के कारण पूर्व विधायक संजय शुक्ला, क्रिश्चियन कॉलेज के डॉ. पंकज बिरमाल, विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, मनीष सहारा (सहारा ग्रुप), संजय अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), पिंटू छाबड़ा (सी-21), गोलू पाटनी सहित कई इंदौरी और महामंडलेश्वर ज्योतिषाचार्य डॉ. राजकुमार अग्रवाल दुबई में फंसे हुए हैं. दुबई में मौजूद इंदौर क्रिश्चियन कॉलेज के डॉ. पंकज बिरमाल ने बताया कि इस समस्या का कारण विमान सेवाओं पर हवा मार्ग के अस्थिर व्यवधान, एयरलाइंस के शेड्यूल में बड़े पैमाने पर बदलाव और आने-जाने के एयरस्पेस नियंत्रण में बाधा बताया जा रहा है, जिससे नियमित उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है और कई फ्लाइटें रद्द कर दी गई हैं. फंसे यात्रियों में अधिकांश की इंदौर-दुबई या दुबई-इंदौर के बीच कनेक्टिंग फ्लाइटें भी प्रभावित हुई हैं, जिससे उन्हें विदेशी एयरपोर्ट पर अतिरिक्त इंतजार और व्यवस्था करनी पड़ रही है. कई यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ानों के लिए एयरलाइंस की प्रतीक्षा सूची में रखा है. ऐसे में इंदौर जैसे प्रमुख शहर के यात्रियों के दुबई में फंसे होने की खबर से परिजनों और संबंधित व्यवसाय संपर्कों में चिंता का माहौल है. प्रभावित यात्रियों को एयरलाइंस और कंसुलेट से आवश्यक जानकारी मिलने का इंतजार है.

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर

**▶ राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश**

इंदौर. आज कलेक्टर कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की बैठक हुई. बैठक में नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के गई. समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली. बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से उनकी क्षेत्रवार समीक्षा करते हुए. नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों को लेकर निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें. उन्होंने राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि वसूली की गति बढ़ाई जाए तथा वित्तीय वर्ष समाप्ति के पहले ही निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जाए. कलेक्टर ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा होने पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की. कलेक्टर वर्मा ने जनता की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में जनता को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए.

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करे. उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों की रोज समीक्षा करे, निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



## अच्छे कर्म ही हमारे साथ जाएंगे : महेन्द्र ऋषि

इंदौर. कितना भी बड़ा मुनष्य हो अंतिम समय सभी के लिये एक समान होता है. यह बात जीवन मे सभी को संज्ञान में रहना चाहिये.

यह जीवन का सार है हम जीवन में भलाई के काम करते रहेंगे तो स्वयं की भलाई स्वत: ही हो जायेगी. जो अच्छे कर्म करेगें वे ही कर्म हमारे साथ जायेगें. जो व्यक्ति पाप कर्म करके परिवार का पालन करता है. उसे ही कर्मों को भोगना पड़ता है परिवार को नहीं, यह सोच कर कर्म करना चाहिये. उक्त विचार श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषी महाराज ने महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये. सभा को अभिषेक मुनि महाराज ने भी संबोधित किया. संघ के महामंत्री रमेश भंडारी ने संघ की और से सभी का स्वागत किया. धर्मसभा में रखब चंद कोटावाले, रमेश भंडारी, प्रकाश भटेवरा, अशोक मंडलीक, सुभाष विनायका, आदि समाजजन उपस्थित थे. सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया।

# निरंतर ज्ञानवर्धन एवं कौशल उन्नयन के लिए किया प्रेरित

**▶ कंपनी अधिनियम, 2013 एवं नवीन श्रम संहिताओं पर सेमिनार का आयोजन**

**इंदौर. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर द्वारा आज प्रीतमलाल दुआ सभागार में कंपनी अधिनियम, 2013 एवं नवीन श्रम संहिता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया.**

इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अंकित मेड़तवाल ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीएस पवन जी. चांडक, अध्यक्ष, आईसीएसआई की उपस्थिति रही. अध्यक्ष ने अपने विशेष सत्र में कंपनी सचिवों की बदलती भूमिका, सुदृढ़ कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन व्यवस्था तथा नवीन श्रम संहिताओं के प्रभाव पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया.

उन्होंने सदस्यों एवं विद्यार्थियों को निरंतर ज्ञानवर्धन एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रेरित किया. कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यकरणीं सदस्य सीएस राजेश तारपरा एवं सीएस आशीष करोड़िया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने अपने उद्बोधन में व्यावसायिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों एवं कॉर्पोरेट जगत में कंपनी सचिवों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला. सेमिनार के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।. अधिवक्ता कीर्ति पटवर्धन एवं अंशुल जैन ने नवीन श्रम संहिता से सम्बंधित प्रावधानों एवं उनमे कंपनी सचिव की भूमिका पर चर्चा की.



### प्रावधानों की जानकारी दी

मुंबई से आये सीएस अंशुल कुमार जैन ने कंपनी अधिनियम, 2013 से सम्बंधित प्रावधानों पर सदस्यों को जानकारी दी. कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सीएस आशीष गर्ग, रीजनल कौंसिल सदस्य सीएस अनुराग गंगराड़े सहित कार्यक्रम में इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कंपनी सचिवों, कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की. मंच संचालन सीएस गुंजन सचदेव ने किया एवं इंदौर चैप्टर सचिव सीएस सुरभि अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद् दिया.

एक नजर में | फ्लो इंदौर ने किया मेन्यू मैजिक सेशन का आयोजन

# थोड़ी सी क्रिएटिविटी से भी घर का खाना बन सकता है खास

**इंदौर. अच्छा खाना सिर्फ स्वाद का नहीं, बल्कि खूबसूरत प्रस्तुति का भी खेल है. इस कथन को सार्थक करते हुए, फ्लो इंदौर ने मेन्यू मैजिक नामक विशेष ईवेंट का आयोजन किया. इसमें उन्होंने दिखाया कि घर का रोज़ाना बनने वाला खाना भी थोड़ी सी क्रिएटिविटी और केयर से कैसे शानदार और यादगार बन सकता है.**



इस इवेंट में 75 से ज्यादा सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. यह सत्र, फ्लो इंदौर की कलीनरी ऐमपावरमेंट इनिशिएटिव का हिस्सा था. इवेंट की डे चेयर पलक हसनंदानी ने पूरे कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर तरीके से संचालित किया. फूड और मेन्यू एक्सपर्ट, मिस वर्षा अग्रवाल ने बहुत सरल और तरीके से बताया कि किसी भी भोजन को कैसे अगले स्तर पर ले जाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे एलीगेंट पोर्शन परोसने चाहिए. मुख्य व्यंजन को सादा और दिल को सुकून देने वाला रखें, जबकि स्टार्टर्स को ज्यादा खास बनाएं. भोजन को दो डेज़र्ट से खत्म करना चाहिए- एक रिच और लजीज, दूसरा हल्का और ताज़गी भरा. मेन्यू में एक एंकर डिश चुननी चाहिए जो बाकी सबके साथ अच्छे से मेल खाए. गार्निशिंग को बहुत महत्व दिया जाए. हर डिश को सुंदर बनाने के लिए गार्निश पहले से तैयार रखें. टेबल डेकोरेशन और फ्लावर अरेंजमेंट का सेग्मेंट, ऋतु भंडारी और उनकी बहू, मिस स्मृति भंडारी ने बहुत खूबसूरती से पेश किया. उन्होंने नेपकिन फोल्डिंग के क्रिएटिव तरीके भी दिखाए और बताया कि प्लेट्स को कैसे लेयर करें.

### आइडिया शेयर किए, सवाल पूछे

सभी ने ढेर सारे सवाल पूछे, अपने आइडियाज शेयर किए और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा. पास्ट चेयरपर्सन, ममता बकलीवाल भी मौजूद थीं, जिन्होंने अपनी गर्मजोशी और प्रोत्साहन से कार्यक्रम को और खास बना दिया. फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा आज का सेशन साबित करता है कि थोड़ी सी देखभाल और क्रिएटिविटी से साधारण खाना भी वाकई असाधारण बन सकता है. फ्लो इंदौर, अपनी सदस्यों को सीखने, लीडरशिप और क्रिएटिव स्किल्स के जरिए सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है.



## कृष्ण-सुदामा जैसा मैत्री भाव पूरे विश्व को चाहिए

इंदौर. कृष्ण और सुदामा की मित्रता पूरी दुनिया में अनूठा उदाहरण है. मित्रता के नाम पर स्वार्थ और मोह-माया से बंधे रिश्ते ज्यादा दिनों तक नहीं चलते. कृष्ण-सुदामा जैसा मैत्री भाव पूरे विश्व की जरूरत है. कलयुग में मित्रता को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है. ऊंचे पदों पर बैठे लोगों को अपने बाल सखाओं के दुख-दर्द में भागीदार बनने का संदेश भी इस प्रसंग से मिलता है. ये विचार हैं मालवा के प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ आचार्य पं. ब्रजकिशोर नागर के, जो उन्होंने शनिवार को धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में चल रहे मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को कृष्ण-सुदामा मैत्री प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में कृष्ण-सुदामा मैत्री का उत्सव भी मनाया गया. मुख्य यजमान नानूराम चौधरी के साथ ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, रेखा श्रीकांत शर्मा, सुधीर अग्रवाल, देवेन्द्र सांखला, गोविन्द मंगल, गोपाल गोयल, अशोक कुमावत आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चोपड़ा आदि ने कथा व्यास पं. नागर का क्षेत्र के 25 गांवों के भक्तों की ओर से भावभरा सम्मान भी किया.